प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

जयपुर में चल रही राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तीसरे और अंतिम दिन आज एमएसएमई कॉन्क्लेव रखी गई है। राज्य की एमएसएमई ईकाईयों को साझा मंच देने और बाजार के रूझान के मुताबिक बढोतरी के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कॉन्क्लेव में हिस्सा ले रहे है। कॉक्लेव को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड ने कहा कि निवेश सम्मेलन के जरिये राजस्थान में विकास का रोडमेप तैयार किया गया है।

........

समिट में कल केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने इफ्रास्ट्रक्चर पर हुए सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान के लिए तीस हजार करोड़ रूपये की लागत की 800 किलोमीटर लम्बी 9 सड़क परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें साढे 6 हजार करोड़ की लागत से उत्तरी जयपुर रिंग रोड़ और 6 हजार 800 करोड रूपये की लागत से कोटपूतली से आगरा ग्रीनफील्ड हाईवे शामिल है। एग्री बिजनेस पर हुए सत्र में केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय राजस्थान में पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 3 लाख 41 हजार से ज्यादा आवासों का निर्माण करेगा। इस पर करीब 4 हजार 99 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आयेंगे। उनका जयपुर में एक कौशल विकास केन्द्र के उद्घाटन का कार्यक्रम है। ये केन्द्र लघु उद्योग भारती की ओर से स्थापित किया गया है। इसमें उद्यमिता विकास, फैशन डिजाइनिंग, ब्लॉक प्रिन्टिंग सहित अन्य कई विद्याओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया **हैकेथॉन 2024** के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत करेंगे। हैकेथॉन का ग्रेंड फिनाले आज से शुरू हुआ। इसमें एक हजार 300 से अधिक टीमें भाग ले रही है। स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन रोजमर्रा के जीवन में आने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान का मंच उपलब्ध कराने की राष्ट्रव्यापी पहल है। इसके माध्यम से चुनौतियों के नवाचारी समाधान की क्षमता विकसित होती है। शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मकता को बढावा देने के लिए एक साथ 51 केन्द्रों पर हैकेथॉन का आयोजन कर रही है। जयपुर का मणिपाल विश्वविद्यालय भी स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन के 51 केन्द्रों में शामिल है। केन्द्र के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि यहां हार्डवेयर आधारित हैकेथॉन में 156 प्रतिभागी और विभिन्न संस्थानों के 35 मेंटर हिस्सा ले रहे है।

00000

प्रदेश में सर्द हवाओं ने ठण्ड का असर तेज कर दिया है। इससे गलन और ठिठुरन का एहसास बढ गया है। धौलपुर, पाली, जैसलमेर, बारां, कोटा, करौली और माउंटआबू सहित कई स्थानों पर शीतलहर का असर देखा जा रहा है। सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में पहली बार आज पारा माईनस एक डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सीकर में 1 दशमलव 5, चूरू में 1 दशमलव 8, हनुमानगढ के संगरिया में 2 दशमलव 5, करौली में 3 दशमलव 3 और सिरोही में 4 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। चित्तौडगढ, डबोक, बारां के अंता, अलवर, भीलवाडा और श्रीगंगानगर में भी न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। सरहदी जिले जैसलमेर में भी शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सर्दी और कोहरे के बावजूद सुरक्षा प्रहरी 24 घंटे सीमाओं की रक्षा में जुटे है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

0000